तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

13 18 पंचायतों के लिए नयापारा में लगा सुशासन तिहार



14 बरसात पूर्व नालियों की सफाई अभियान शुरू





## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में आज पहुंच सकते हैं सीएम साय

**भाटापारा।** सुशासन तिहार के तहत भाटापारा के सबसे अंतिम छोर करहीबाजार में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 22 मई को दोपहर 12 से 2 बजे के बीच पहुंचने की संभावना है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन, अनुविभाग प्रशासन ने उनके सुशासन तिहार में आगमन को लेकर व्यापक स्तर पर सभी 27 स्टालों की तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज सुबह करहीबाजार हेलीपैड स्थल के अलावा अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का मॉडल आंसर जारी

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का मॉडल आंसर जारी कर दिया गया है। मॉडल आंसर के सम्बन्ध में दावा आपत्ति 30 मई को रात्रि 12 बजे तक किया जा सकता है। दावा आपत्ति हेतु आवेदक अपने गृह जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों सहित जमा करना होग़ा। प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञ द्वारा अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

### आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख के मान से 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों में मानसिंह साहू पिता चैतराम साहू निवासी ग्राम करहुल, तहसील सिमगा, यमुना बाई साहू पति मानसिंह साहू, निवासी ग्राम करहुल तहसील सिमगा, रबीलाल पिता रामसिंग यादव निवासी ग्राम मोतीपरु तहसील कसडोल शामिल है। पीड़तिों के निकट परिजनों के शिवनाथ नदी, स्टॉप डैम्प के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### धाराशिव में सुशासन शिविर आज

बिलाईगढ़। सुशासन तिहार शिविर सारंगढ़ नगरपालिका के वार्ड 5, 6, 7, 8, 15 के लिए जेलपारा रंगमंच में और बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम धाराशिव के स्कूल परिसर में 22 मई को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 तक आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्राम बांसउरकुली, भण्डोरा, देवरबोड, खजरी, खैरझिटी, शेष पेज 11 पर

# अचानक रात में गांव पहुंचा हाथी, धान की खरही को किया तहस-नहस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेल

बलौदाबाजार जिले के क्षेत्र में वन्यप्राणियों की आमद और वन विभाग की सुस्ती के चलते ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात को ग्राम मुरूमडीह में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक दंतैल हाथी अचानक गांव के खेतों में आ धमका। हाथी ने खलिहान में रखी धान की खरही को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया।

इस पूरी घटना में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी को लेकर वन विभाग द्वारा कोई भी अलर्ट या चेतावनी जारी नहीं की गई थी। यदि विभाग समय रहते मुनादी कराता या अलर्ट भेजता तो किसान अपनी फसल को सुरक्षित करने का प्रयास कर सकते थे।

ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि वन विभाग की इस लापरवाही से कभी भी कोई बड़ी जनहानि या अप्रिय घटना घट सकती है। मुआवजे और सुरक्षा की मांग घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि तत्काल मौके का पंचनामा कर पीड़ित बुजुर्ग किसान को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही हाथी की लोकेशन ट्रैक कर ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**ग्रामीणों का आरोप - वन अमला ने जारी नहीं किया अलर्ट**



#### हाथी किसान की धान की खरही को रौंदा

जानकारी के अनुसार ग्राम मुरूमडीह निवासी पीड़ित किसान छीनूराम 58 वर्ष पिता हलधर बारिहा के खेत में धान की खरही रखी हुई थी। रात्रिकालीन अचानक पहुंचे एक अकेले हाथी ने खरही को रौंदकर नुकसान पहुंचाया। पीड़ित किसान ने बताया कि इस नुकसान से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वन विभाग कोई अलर्ट नहीं था।

### 5 दमकल वाहनों ने घंटों मशक्कत के बाद बुझाई आग, देर रात घटी घटना

# किराना दुकान और गोदाम में भीषण आग 5 करोड़ से अधिक का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

शहर के लवन रोड स्थित दीपल ट्रेडर्स के दुकान और गोदाम में बुधवार–गुरुवार की रात भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा करोड़ों रुपये का किराना सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार देर रात अचानक दुकान और गोदाम से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

लोगों ने यह भी कहा कि सरकार विकास और आधुनिक सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जरूरी सेवाओं के रखरखाव और संसाधनों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। नागरिकों ने दमकल विभाग के वाहनों की नियमित जांच और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है। बलौदाबाजार में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं ने शहरवासियों और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। लवन रोड स्थित प्रतिष्ठित किराना व्यापारी विनोद अगिचाई की दुकान में लगी भीषण आग में करीब पांच करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

घटना के बाद व्यापारियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। आरोप है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी देर से मौके पर पहुंची, जिसके चलते आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका और नुकसान लगातार बढ़ता गया।

व्यापारियों का कहना है कि तेजी से विकसित हो रहे बलौदाबाजार नगर में आज भी फायर ब्रिगेड व्यवस्था शहर से बाहर संचालित हो रही है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। शहर में बढ़ते व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सरकारी कार्यालयों और आबादी को देखते हुए स्थायी एवं आधुनिक फायर स्टेशन की मांग लंबे समय से की जा रही है।



#### आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड को देना पड़ा धक्का

घटना के दौरान दमकल विभाग की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए। आग बुझाने पहुंची बलौदाबाजार फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को मौके पर धक्का देकर स्टार्ट करना पड़ा, जिसका वीडियो और दृश्य स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहे।



#### शॉर्ट सर्किट से लगी आग

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग तेजी से फैली, जिससे गोदाम में रखा अधिकांश सामान जल गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। घटना की सूचना मिलने पर बलौदाबाजार कोतवाली थाना की टीम भी मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कराया। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे तक आग की लपटों पर तो काबू पा लिया गया था, लेकिन खबर लिखे जाने तक दमकल की गाड़ियां मौके पर अंदरुन आग को बुझाने का प्रयास करती रही।

#### नगर में बने आधुनिक फायर स्टेशन

चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित व्यापारी वर्ग ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में तत्काल आधुनिक फायर स्टेशन स्थापित कर पर्याप्त संसाधन और दमकल वाहन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं में जन-धन की हानि को रोका जा सके। व्यापारियों ने सवाल उठाया है कि आखिर प्रशासन किसी बड़े आंदोलन या और बड़ी दुर्घटना का इंतजार क्यों कर रहा है?

#### 10 किमी दूर फायर स्टेशन से बढ़ी चिंता

स्थानीय नागरिकों ने दमकल विभाग की तैयारियों और संसाधनों की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने बड़े जिले में आपातकालीन सेवाओं की ऐसी हालत गंभीर चिंता का विषय है। लोगों का कहना है कि यदि किसी बड़े हादसे के दौरान दमकल वाहन समय पर काम न करें तो स्थिति और भयावह हो सकती है। ऊपर से फायर स्टेशन भी शहर से लगभग 10 किमी दूर है।

# घर में घुसकर मारपीट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पंचशील नगर क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वैभव सिंह ठाकुर ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 मई की रात करीब 3 से 4 बजे के बीच आरोपी शेशांत बंजारे उर्फ बाबू और हर्ष पटेल ने पुरानी रंजिश और विवाद की बात को लेकर उसके घर में घुसकर अश्लील गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी और अन्य लोगों के साथ मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(6), 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शेशांत बंजारे उर्फ बाबू 18 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार तथा हर्ष पटेल 21 वर्ष निवासी सिंधी कॉलोनी बलौदाबाजार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

■ पुरानी रंजिश पर दिया घटना को अंजाम

# मुसुवाडीह पंचायत में लाखों की गड़बड़ी का आरोप, ग्रामीणों ने जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी राव

ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में सरपंच और सचिव पर अनियमितता, अवैध वसूली तथा शासकीय योजनाओं में अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों, पंचों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पंचायत में 15वें वित्त आयोग एवं मूलभूत मद की राशि में लाखों रुपए की गड़बड़ी की गई है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 5 लाख 12 हजार 900 रुपए की राशि आहरित की गई, लेकिन संबंधित कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं



शौचालय निर्माण के नाम पर हितग्राहियों और पंचों से 2-2 हजार रुपए वसूले जाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव की पत्नी के नाम पर 15 से 16 हजार रुपए शेष पेज 13 पर

### प्री फार्मेसी टेस्ट में 414 अभ्यर्थी हुए शामिल

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार 21 मई को प्री फार्मेसी टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में जिले के 414 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा हेतु शासकीय मिनी माता गर्ल्स कॉलेज और डी.के. कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। शासकीय मिनी माता गर्ल्स कॉलेज में 242 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 118 अनुपस्थित रहे। डी.के. कॉलेज में 172 उपस्थित थे वहीं 63 अभ्यर्थी अनुपस्थित थे। दोनों केंद्रों में कुल 595 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में शामिल होने पंजीयन कराया था ।

# बायसन के हमले से मृत ग्रामीण के परिजन को वन विभाग ने दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

वन विकास निगम परियोजना परिक्षेत्र रवान अंतर्गत मंगलवार को तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल गए ग्रामीणों पर बायसन के हमले में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई की गई। परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी रवान द्वारा मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि 25,000 प्रदान की गई। साथ ही शासन के प्रावधान अनुसार मृतक के परिवार को देय क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जाएगी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बायसन के हमले में तीन ग्रामीण घायल हो गये। इस घटना में ग्राम गजराडीह शेष पेज 13 पर

### अधूरे कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश, पंचायत के कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# पहली किस्त जारी होने के बाद भी अमृत सरोवर निर्माण कार्य बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कसडोल

यहां भारत सरकार की अमृत सरोवर योजना का शुरुवात की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को दूर करने व जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। हाल ही में जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला में निर्माणाधीन अमृत सरोवर योजना को लेकर अनियमितता का मामला सामने आया है। इसमे ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम के हनुमान तालाब में लगभग 19.99 लाख की लागत से अमृत सरोवर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन पहली किस्त की राशि आहरित होने के बावजूद कई महीनों से निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है।

■ 23 पंचायतों में स्वीकृत अमृत सरोवर योजना पर सवाल, ठेकेदार गायब




ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य सितंबर 2025 में प्रारम्भ किया गया था, परंतु ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि नीचे रेत डालकर ऊपर पत्थर बिछाए जा रहे हैं और कम मात्रा में सीमेंट मसाले का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की मजबूती संदिग्ध दिखाई दे रही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो जून माह में मानसून सक्रिय होने के बाद काम पूरी तरह प्रभावित हो सकता है और योजना लंबे समय तक अधूरी रह सकती है।

#### आधे से ज्यादा पंचायतों में काम अधूरा

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत लगभग 23 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है, लेकिन आधे से अधिक पंचायतों में कार्य अभी भी अधूरा बताया जा रहा है। ऐसे में ठेकेदारों द्वारा राशि आहरण के बाद निर्माण कार्य बंद पड़ने से पंचायतों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। यदि निर्माण कार्य और खर्च की तकनीकी जांच कराई जाए तो बड़ी अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। इस संबंध में सरपंच बालेश्वर वैष्णव ने बताया कि उन्होंने ठेकेदार को फोन कर काम शुरू करने के लिए कहा है, परंतु अब ठेकेदार फोन नहीं उठा रहा है। वहीं सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब निर्माण एजेंसी स्वयं ग्राम पंचायत है, तो फिर ठेकेदार के माध्यम से काम क्यों कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य लगातार नहीं चल रहा और काम अधूरा है, इसके बावजूद ठेकेदार को भुगतान कैसे किया गया। पूरे मामले को लेकर गांव में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

# अंधा मोड़ खत्म करें जिला प्रशासन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

तिल्दाबांधा के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में जाकर ग्राम के पास स्थित अंधा मोड़ को हटाने की मांग की है। राजधानी रायपुर से सीधे जोड़ने के लिए पड़कीडीह से सकलोर-हिरमी तक मार्ग का निर्माण कार्य जारी है। उक्त मार्ग में तिल्दाबांधा ग्राम के पास एक अंधा मोड़ है और वहीं से ही तिल्दाबांधा बस्ती, भोथाडीह, नेवारी फूलवारी आदि गांवों के लिए जाने का भी मार्ग है। इस कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मुलाकात और गिनाई समस्याएं

बी एल सरसिहा नरेंद्र कुमार, आनंदी साहू, छोटकू बंजारे सहित ग्रामीणों ने बताया कि पहले सड़क जर्जर होने के कारण वाहनों की गति कम होती थी, जिससे दुर्घटना भी कम हो पाती थी, परंतु मोड़ में ही सड़क बनने के बाद दुर्घटना शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### प्रगणकों को जनगणना का समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को जनगणना कार्य के तहत विभिन्न जोन में कार्यरत प्रगणकों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि तय समय-सीमा में जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 15 मिनट में बना राशन कार्ड



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 6 अंतर्गत मठपुरैना सामुदायिक भवन में लगे सुशासन शिविर में एक महिला का 15 मिनट में राशन कार्ड बन गया। चंद्रशेखर वार्ड निवासी नेहा पटेल पिछले कई हफ्तों से नया राशन कार्ड बनाने के लिए जोन दफ्तर के चक्कर काट रही थी। शिविर में उसने आवेदन दिया। इस आवेदन पर नेहा को शिविर में मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने 15 मिनट के अंदर राशन कार्ड बनाकर दिया। इसी प्रकार शिविर में अन्य 18 लोगों को भी मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिए गए।

### सिविल सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा 24 को

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को होगी। यह परीक्षा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। इसमें कुल 8 हजार 449 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रायपुर उपेन्द्र किण्डो को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया है।

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि आम जनता के साथ अन्याय : जनता कांग्रेस

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राज्य एवं केंद्र सरकार तत्काल समन्वय बनाकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने और आम जनता को महंगाई की मार से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों पर श्री नायक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे आम जनता के साथ सीधा अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि का सीधा असर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों पर पड़ता है। ईंधन की कीमत बढ़ने से केवल वाहन चलाना ही महंगा नहीं होता, बल्कि इसका प्रभाव रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं, खाद्य सामग्री, सब्जियों, दवाइयों तथा परिवहन सेवाओं पर भी पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम जनता का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों में जनता पहले से ही बेरोजगारी, आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई से जूझ रही है। ऐसे समय में पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि करना जनविरोधी निर्णय है। सरकार को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से पेट्रोल और डीजल पर लगाए गए अतिरिक्त करों एवं वैट में कमी करे, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# तेज गर्मी से शहर में बिजली की खपत पहुंची 2 लाख यूनिट

## शहर के सभी ट्रांसफार्मरों में पर्याप्त लोड मिलने से कूलर और एसी चलाने वालों को भी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भीषण गर्मी के चलते बिजली का लोड बढ़ गया है, जिसके चलते बिजली की खपत भी बढ़ गई है। वहीं भीषण गर्मी के कारण बिजली की खपत शहर में रोजाना 2 लाख यूनिट तक पहुंच गई है। वर्तमान में कृषि पंप चल रहे थे वे अभी बंद है, जिसकी वजह से अभी बिजली की स्थिति बेहतर हो गई है। शहर के सभी ट्रांसफार्मरों में पर्याप्त लोड मिल रहा है। लो वोल्टेज की समस्या भी काफी बेहतर हुई है। बिजली विभाग के चेयरमेन सुब्रत साहू ने बढ़ती बिजली की खपत और लगातार बढ़ते एसी के संसाधन को लेकर बिजली विभाग के सभी डिविजन को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र जहां फर भी नए पुराने एसी लगे हैं, उनकी सही स्थिति की जानकारी रायपुर भेंजे, क्योंकि कई ट्रांसफार्मर ऐसे होते हैं कि अचानक लोड बढ़ जाने से वहां पर बिजली विभाग के मीटर लगे होते हैं वह बढ़ जाते हैं, जबकि घरेलू कनेक्शन में वहां पर खपत कम दिखाती है, ऐसे भी ट्रांसफार्मर को चेक किया जा रहा है। एक ट्रांसफार्मर में अगर 60 एम्पीयर तक बिजली आती है, तो वह करीब 1 मेगावाट हो जाता है। वहीं इस समय शहर में 478 ट्रांसफार्मर है। घरेलू कनेक्शन की संख्या करीब 17000 से अधिक है। सबसे ज्यादा लोड वाले ट्रांसफार्मर रेल्वे फीडर व हटरी बाजार के है, जहां लोड अधिक रहता है।

### नए ट्रांसफार्मरों की बढ़ी मांग

इस मैटर की हेडिंग बनाएं क्योंकि व्यावसायिक, बैंकिंग क्षेत्र होने की वजह से यहां पर 24 घंटे लोड रहता है। शहर के 15 फीडरों में यही इलाका सबसे ज्यादा लोड वाला इलाका है। दूसरी ओर बिजली विभाग शहर में बढ़ते लोड को देखते हुए 14 से 15 नये ट्रांसफार्मर की डिमांड है। इसमें रेल्वे और हटरीबाजार शामिल हैं। अधीक्षण यंत्री जीपी अनंत का कहना है कि 44-45 डिग्री की इस भीषण गर्मी में भाटापारा के अलावा पूरे जिले में बिजली व्यवस्था बेहतर स्थिति में है। कृषि पंप के लोड कम होने के कारण सभी जगहों पर निरंतर बिजली मिल रही है।



### 2000 से ज्यादा एसी बढ़ा रहे बिजली लोड

विद्युत मण्डल के डीई व्हीके राठिया ने बताया कि प्रयास यह होता है कि पूरे डिविजन बिजली की आपूर्ति सामान्य हो और उनका प्रयास रहता है अभी पूरे क्षेत्र में स्थिति पर लगातार निगरानी की जाती है। भाटापारा विद्युत मण्डल शहर के एई वासुदेव साहू का कहना है। शहर में एक सब स्टेशन की आवश्यकता है, इसके लिए जगह देखी जा रही है। इसके बन जाने के बाद रेल्वे, हटरीबाजार फीडर उसमें शामिल हो जायेगा, तो काफी अच्छा होगा। क्योंकि दोनों फीडरों में काफी दबाव रहता है। एसी को लेकर सर्वे आया है उसमें करीब 2000 से अधिक एसी शहर में है, क्योंकि स्मार्ट मीटर की रीडिंग के लिए जब बिजली कर्मचारी स्थल पर पहुंचता है, तब वह एसी का आऊटर को देखकर उसे चिन्हित कर लेता है। दूसरी ओर जब कनेक्शन लेते समय किलोवाट 1 या 2 या अधिक की देनी पड़ती है, लेकिन ज्यादातर जगहों में वाट कम लोड़ ज्यादा दिखता है।

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में हुए शामिल

# शहर में भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण, मंत्री वर्मा रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट रोड में भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य थे। कार्यक्रम में भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, बलौदा बाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छ.ग. आदिवासी एवं औषधि पादप बोर्ड उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र शर्मा, बलौदाबाजार नगर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला एवं भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने की।

बुधवार दोपहर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलेक्ट्रेट रोड में स्थित परशुराम चौक में भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। अनावरण पश्चात पं.वाल्मीकि शुक्ल विप्र वाटिका में सर्व ब्राह्मण समाज की सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि परशु यानि फरसा लिए हुए राम यानि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। उन्होंने समस्त ब्राह्मण समाज को उक्त कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह रहा। इस अवसर पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न विद्यालयों से विप्र समाज को गौरवान्वित करने वाले मेधावी 26 विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गईं। यह सम्मान समारोह समाज के लिए प्रेरणादायी एवं उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में बलौदाबाजार नगर के साथ ही साथ लवन, भाटापारा, अर्जुनी, रवान, सोनाडीह, कसडोल, पलारी, सुहेला आदि ईलाकों से आए बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

# शहर में खुले में कचरा फेंकने पर लगा प्रतिबंध



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका परिषद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर में निकलने वाले विभिन्न प्रकार के कचरे के प्रबंधन, निपटान और शासन के निर्देशों के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान खुले में कचरा फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जानकारी भी दी गई।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सभापति एवं पार्षदों की उपस्थिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े प्रावधानों और शासन के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग संग्रहित कर निर्धारित वाहन और स्थल पर ही देना अनिवार्य किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कचरे का उचित प्रबंधन करें और खुले में कचरा न डालें।उप अभियंता रितेश स्थापक ने एमआरएफ, सेनेटरी वेस्ट, वेट वेस्ट और स्पेशल केयर वेस्ट सहित विभिन्न प्रकार के कचरों के प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने, गलत जानकारी देने अथवा खुले में कचरा फेंकने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही अधिक मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों के लिए विशेष प्रबंधन व्यवस्था और प्रसंस्करण प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, मनोज कान्त पुरैना, कन्हैया सेन, प्रिया शशि भूषण शुक्ला सहित पार्षदगण अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पोषण पटेल, श्रद्धा मनीष वर्मा, रोहित साहू, लोकेश चेलक, सुरेश घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चंद्रशेखर गुप्ता, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, मंजू सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# गैतरा में सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला



ग्राम पंचायत गैतरा के वार्ड 12 से 14 में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। यहां मालिकराम यादव के घर से गौरा चौरा की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य का भव्य भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पलारी कृष्णा आजाद रहे, जबकि अध्यक्षता सरपंच धनेश्वरी रामगोपाल साहू और विशिष्ट आतिथ्य उपसरपंच दुलेश्वरी मांडले ने किया।

अतिथियों ने पंडित के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर और कुदाल चलाकर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मुख्य अतिथि कृष्णा आजाद ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि आंतरिक सड़कों के मजबूत होने से ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधरेगा। इस सड़क के बनने से बारिश में होने वाले कीचड़ और जलभराव की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिलेगी। सरपंच धनेश्वरी साहू ने गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने का भरोसा दिया। इस अवसर पर पंच चंद्रिका बाई, कविता बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मनरेगा से वाटर कोर्स कैनाल निर्माण का काम तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



ग्राम पंचायत खिलोरा में मनरेगा योजना के तहत वाटर कोर्स कैनाल फील्ड चैनल निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि लगभग 4 लाख 23 हजार रुपये हैं। निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत के विभिन्न वार्डों से लगभग 150 मजदूरों को रोजगार मिला है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

बताया गया कि वार्डवार निर्धारित समय पर मजदूरों द्वारा नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड से बड़ी संख्या में मजदूर इस निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। यह कार्य जल संरक्षण एवं सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश एवं नियमावली के तहत ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्धारित मापदंडों और निश्चित दूरी के अनुसार कराया जा रहा है। मजदूर कड़ी मेहनत के साथ कैनाल निर्माण में जुटे हुए हैं और ग्रामीणों ने इसे गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

रोजगार सहायिका फगनी साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि वाटर कोर्स या फील्ड चैनल सिंचाई नहर प्रणाली का सबसे अंतिम एवं महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसका मुख्य उद्देश्य मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर नहर से पानी लेकर सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाना है, ताकि किसानों की फसलों का उत्पादन बेहतर हो सके। कार्यस्थल पर मेट ज्योति वर्मा एवं ज्योति साहू के साथ मजदूर दिलहरण साहू, कचरा बाई साहू, रुक्मणी, योगेश साहू, चंद्रिका वर्मा, कुलेश्वर साहू, महेश्वरी यादव एवं सरोज यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यरत रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच अनिता कुंभ, उपसरपंच भागवत साहू, सचिव कमल किशोर साहू, रोजगार सहायिका फगनी साहू सहित समस्त पंचायत पदाधिकारी एवं कार्यरत मजदूर उपस्थित थे।

# वर्षा जल संचयन के लिए नपा में अध्यक्ष व पार्षदों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर पालिका परिषद कार्यालय में वर्षा जल संचयन के लिए पालिका अध्यक्ष व पार्षदों की बैठक हुई। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी वेस्ट एवं हानिकारक कचरे अलग अलग एकत्रित, प्रबंधन, बल्क वेस्ट जनरेटर, लैंडफिल साइट और उसका निपटान, संस्था और व्यक्ति को कचरा ना देने पर जुर्माना करना कचरा मुक्त शहर बनाने सतत मॉनिटरिंग कर पूरे पारदर्शिता के साथ कार्य करने एवं सभी वार्ड वासी अपने अपने घर मे वर्षा ऋतू के जल को संचयन हेतु सोखता गड्ढा का निर्माण करने हेतु जागरूक करने की चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष विकास सोनकर, नेता प्रतिपक्ष सचिन जैन, पार्षद परदेशी सोनकर, अविनाश दास, मुकुंद रजक, टेबू देवांगन, प्रियंका, अनूप तिवारी, पितांबर सोनकर, भारती पाटकर, विष्णु जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण श्रीवास्तव सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# डाक घरों में निःशुल्क आधार सहित विभिन्न योजना संचालित




हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सेंट्रल गवर्मेंट स्कीम के तहत डाक सेवा जन सेवा के अंतर्गत डाक घरो में प्रत्येक वर्ग के आम नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिसमें 6 माह से 17 वर्ष के व्यक्ति का नि शुल्क नया आधार कार्ड बनाना,निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन वही नाम परिवर्तन, जन्म तारीख, सरनेम एवं पता परिवर्तन संबंधित कार्य बेहद कम दर पर किया जा रहा है।

इसके अलावा डाकघर में सभी वर्ग के नागरिकों की आवश्यकताओं का ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं संचालित है जिसमें सुकन्या समृद्धि बचत खाता 8.2 प्रतिशत, आवर्ती जमा खाता प्रतिशत, बचत खाता प्रतिशत, पीपीएफ खाता प्रतिशत, टाइम डिपॉजिट 1 वर्ष प्रतिशत, 2 वर्ष प्रतिशत, 3 वर्ष प्रतिशत, 5 वर्ष प्रतिशत, एनएससी प्रतिशत, एमआईएस प्रतिशत, एससीएसएस प्रतिशत, केवीपी 7.5 प्रतिशत रकम डबल योजना, आईपीपीबी डिजिटल खाता समस्त डीबीटी एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन हेतु इसके अलावा डाक जीवन एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम एवं अधिक बोनस दर के साथ संचालित है । अपने डाक्यूमेंट्स एवं सामान को भी स्पीड पोस्ट एवं पार्सल से सुरक्षित भेज सकते है।

उपडाकपाल पलारी ने नागरिकों से कहा की उपडाकघर पलारी एवं नज़दीकी डाक घर में संचालित योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

## ड्रग्स एक्ट में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नही

# आन लाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रही शहर की मेडिकल दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव




ऑनलाइन बिक्री के खिलाफ बुधवार को भटगांव में बंद का असर दिखा, जिसमें भटगांव के 8 से 10 मेडिकल दुकानें सुबह से शाम तक बंद रही।

अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री फर्जी ई प्रीसक्रिप्शन और दवाओं की होम डिलीवरी के विरोध में बुधवार को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के नगर पंचायत भटगांव में केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने अपनी मेडिकल दुकानें बंद रखी। एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में नगर भटगांव के सभी छोटे बड़े दवा व्यापारियों ने हड़ताल में भाग लेते हुए अपनी प्रतिष्ठान रखे। वहीं सभी मेडिकल स्टोर वालो ने सरकार से मांग की कि जनहित में और मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर शीघ्र कार्यवाही करें।

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने बुधवार को बंद का ऐलान किया था कि बंद के दौरान भी अस्पतालों से जुड़े मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। इमरजेंसी दवाओं की सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी। वहीं नगर पंचायत भटगांव के दवा विक्रेताओं का कहना था कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के इंटरनेट के माध्यम से दवाइयो की बिक्री की जा रही है। जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन हो रहा है। कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना वैद्य चिकित्सीय परामर्श और फर्जी ई प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवाओं की होम डिलीवरी कर रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि ड्रग्स एक्ट में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कई कंपनियां वर्षों से ऑनलाइन दवा बिक्री कर रही है

## खबर संक्षेप

### महिला बाल विकास के पर्यवेक्षक का तबादला

**गोपालपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत परियोजना भटगांव में पदस्थ पर्यवेक्षक सुरतिया खरे का प्रशासनिक तबादला रायपुर जिले के धरसींवा-02 परियोजना में किया गया है। इस संबंध में विभागीय आदेश जारी होने के बाद क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और



सहायिकाओं में नई कार्यशैली एवं बेहतर समन्वय की उम्मीद जगी है। परियोजना क्षेत्र में लंबे समय से कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा का विषय रहीं पर्यवेक्षक के स्थानांतरण को विभाग की नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर कई कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि नए प्रशासनिक वातावरण में विभागीय कार्यों में और अधिक पारदर्शिता एवं समन्वय देखने को मिलेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने कहा कि वे बच्चों और महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक माहौल में कार्य करना चाहती हैं। वहीं विभागीय स्तर पर भी सुशासन और कार्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

### सुमा पंचायत में पीडीएफ भवन का भूमिपूजन



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत सुमा में 10 लाख की लागत से बनने वाले पीडीएफ भवन का भूमिपूजन हुआ। भवन निर्माण से पंचायत के प्रशासनिक कार्यों में सुविधा बढ़ेगी और जनसेवा को गति मिलेगी। ग्रामीण विकास और मूलभूत अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आरडीए के सीईओ से की मुलाकात, कॉलोनी की समस्याओं की दी जानकारी

**रायपुर।** कमल विहार के अध्यक्ष सुजीत परिहार, 3 बीएचके रेसिडेंशियल सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद श्रीवास एवं कमल हाइट के अध्यक्ष विकास मिश्रा ने बुधवार को रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के सीईओ से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने सीईओ कॉलोनी की प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरडीए के सीईओ ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सोसाइटी का निरीक्षण किया और समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।
कॉलोनीवासियों ने उम्मीद जताई कि आरडीए द्वारा जल्द आवश्यक कार्यवाही कर क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक /403/ नजूल / वाचक - 2 / 2026
बलौदाबाजार, दिनांक 14/05/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरारीलाल साहू पिता स्व. रामप्रसाद साहू, उम्र 62 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित नजूल शीट क्रमांक 18 बी, प्लाट नं. 71/3 क्षेत्रफल 25, प्लाट नं. 88 क्षेत्रफल 1583 वर्गफीट तथा प्लाट नं. 71/4 क्षेत्रफल 93 वर्गफीट, प्लाट नं. 89 क्षेत्रफल 1294 वर्गफीट कुल क्षेत्रफल 3050 वर्गफीट जो रामप्रसाद की स्वअर्जित सम्पत्ति रही है। उक्त नजूल भूमि / मकान का प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार का व्यवहार वाद क्रमांक 41A/2024 मुरारीलाल विरुद्ध अमृश साहू वगैरह के पारित निर्णय दिनांक 12/03/2026 के अनुसार अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मेनटेनेंस खसरा, तलवाना, निर्णय आदेश की छायाप्रति सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है, जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त नामान्तरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 28/05/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नजूल अधिकारी
बलौदाबाजार

### आयोजन में शामिल हुईं जिपं अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल

# 18 पंचायतों के लिए नयापारा में लगा सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापारा में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम संपन्न हुआ आयोजित कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया गया। ग्रामवासियों के समस्याओं से अवगत होकर समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए विभाग को निर्देश दिए।

आयोजित कार्यक्रम में 18 ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार की प्रशंसा की गई। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में ग्रामीण जनों को सुविधा और भी आसान हो गई है शासन प्रशासन सीधे जनता के समक्ष उपस्थित होकर उनकी समस्याओं को समाधान कर रहे हैं इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्देशानुसार कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों के समस्याओं को तत्काल शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया, और बड़ी मांगों को शासन प्रशासन से पत्राचार पर पूरा करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया।।

आयोजित शिविर के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 112 के सुविधाओं की जानकारी के बारे में ग्रामीण जनों को बताई और कहा कि इस टोल फ्री नंबर से सड़क दुर्घटना, आपातकालीन चिकित्सा,और माता बहनों और बच्चों की सुरक्षा में त्वरित सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित करेगी। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश वर्मा, सभी पंचायत के सरपंच महिला स्व सहायता समूह की बहने आसपास के सभी 18 ग्रामों के ग्रामीण जन बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम उपस्थित थे एवं अन्य क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## सकरी, कोटियाडीह, गिधपुरी, भटभेरा और करहीबाजार में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क्ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 22 मई को सकरी, कोटियाडीह, गिधपुरी, भटभेरा एवं करहीबाजार में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 71 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होग़ा।

बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत सकरी शिविर में लिमाही, खम्हरिया(यदु), सकरी, पनगांव, कंजी, पुरेनाखपरी, रिसदा, कोकड़ी, चरौटी के ग्रामीण शामिल होंगे।

विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम पंचायत करहीबाजार में बिटकुली, पासीद, धनेली, रामपुर, पाटन, करहीबाजार, खैरा के ग्रामीण शामिल होंगे। विकासखण्ड सिमगा के ग्राम पंचायत भटभेरा में कुथरौद, तिल्दाबांधा, भोथाडीह, नेवारी, फुलवारी, हिरमी, बरडीह, परसवानी, मोहरा, भालेसुर, भैंसा, सकरी, भटभेरा, करेली, पेण्ड्री, अमेरी, सकलोर, झीपन, रावन के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोटियाडीह में मटिया, अमलीडीह, बलौदा, बरपाली, धमलपुर, घटमड़वा, गिधौरी, हसुवा, खपराडीह, खपरीडीह, कुम्हारी, कोटियाडीह, मोहतरा ह, नरधा, नवरंगपुर, पुलेनी, कौवाताल, सुकली एवं बरेली के ग्रामीण एवं पलारी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिधपुरी में देवगांव, मोहगांव, तेलासी, मलपुरी, मोहान, खपरी भ, बिजराडीह, बोहारडीह, हरिनभट्ठा, सुन्द्रावन, गैतरा, जर्वे, गाड़ाकुसमी, गिधपुरी, चरौदा, बम्हनी सहित कुल 71 ग्राम पंचायत के ग्रामीण समाधान शिविर में शामिल होंगे।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों

## समाधान शिविर से गांव में ही मिल रही है सरकारी सेवाएं



**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार के तहत पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत कुसमी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत और सुविधा का केंद्र बन गया है। पहले जहां छोटे-छोटे शासकीय कार्यों के लिए ग्रामीणों को दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब इस शिविर के माध्यम से गांव में ही त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी शिविर में ग्राम दतान निवासी मुकेश कुमार साहू भी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। वहां उन्हें जानकारी मिली कि परिवहन विभाग द्वारा हल्के निजी वाहनों के लिए मौके पर ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जा रहा है। उन्होंने बिना देर किए तुरंत आवेदन किया। मुकेश को उम्मीद थी कि इस प्रक्रिया में काफी समय लगेगा, लेकिन विभाग की सुव्यवस्थित व्यवस्था और कर्मचारियों की तत्परता ने उनकी यह सोच बदल दी। महज आधे घंटे के भीतर उनका लर्निंग लाइसेंस तैयार कर उन्हें सौंप दिया गया।मुकेश ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, पहले लाइसेंस बनवाने के लिए जिला मुख्यालय या शहर जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती थी। लेकिन इस शिविर में बिना किसी परेशानी और भागदौड़ के इतनी जल्दी लाइसेंस मिलना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने इस बेहतरीन पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है और सरकारी व्यवस्थाओं पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। गौरतलब है कि शिविर में मुकेश की तरह ही कई अन्य आवेदकों को भी मौके पर लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए गए, जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

# नगरीय सुशासन तिहार में प्राप्त 610 आवेदन का नहीं हुआ निराकरण




**सिमगा।** सुशासन तिहार अंतर्गत नगरपालिका सिमगा में वार्ड क्रमांक 1 से वार्ड 7 के नागरिकों के लिए शकंर नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में लोगों की उपस्थिति नगण्य रही। समाधान शिविर में नागरिकों ने प्रमुख रूप से घास भूमि का पट्टा एवं उसी पट्टे पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास की मांग प्रमुख रही।

शिविर में कुल 610 आवेदनों पर 560 मांग एवं 50 शिकायत आवेदन-पत्र प्राप्त हुए। शिविर में एक भी आवेदन का निराकरण नहीं हो सका। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर अनिल पांडेय ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं को सुनने पहुंची है। ताकि आप लोगों समस्याओं को दूर किया जा सके। वहीं उपस्थित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों अवलोकन कर समय सीमा के अंदर निराकरण करने की बात कही। वहीं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने सुशासन तिहार में लोगों की कम उपस्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि या तो लोगों को कोई समस्या नहीं है या अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार के बारे में सही रूप से प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जब शासन पूरी ईमानदारी से लोगों की समस्याओं का निराकरण करने उनके द्वार पहुंच रही हैं तो आम जनमानस को भी इस शिविर का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष विकास सोनकर, छोटू यादव, अभिजीत अवस्थी, पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, परदेशी सोनकर, पितांबर सोनकर, मुकुंद रजक, परस पाटकर सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# 12वीं बोर्ड के टॉपर जिज्ञासु वर्मा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने छ.ग. संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ ने पहल की। संघ के प्रांताध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम राय गुरुजी के नेतृत्व में 12वीं बोर्ड परीक्षा छत्तीसगढ़ के टापर जिज्ञासु वर्मा का मोमेंटो, साल, श्रीफल, मेडल, कलम एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विक्रम राय गुरुजी ने कहा 12वीं कक्षा जीवन का टर्निंग पॉइंट होती है। इस पड़ाव पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चे समाज की असली पूंजी हैं। इनका सम्मान करने से अन्य विद्यार्थियों में भी पढ़ाई के प्रति लगन और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।साथ ही कुछ छात्र पेपर में असफल हो जाते हैं जिसके कारण गलत कदम उठा लेते हैं ऐसे छात्रों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है और असफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार कर आगे बढ़ने वाला ही एक दिन सफल होता है।

सम्मानित छात्र जिज्ञासु वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई और लक्ष्य पर फोकस रखकर यह सफलता मिली है।

समारोह में छ.ग. संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय गुरुजी, लोचन बांधे ब्लॉक अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन, घनश्याम धीरहे पार्षद प्रतिनिधि पलारी, संजय बंजारे जिलाध्यक्ष कराटे संघ, दलीप आडील व्याख्याता, चेतन पुरैना, ऋषि दिवान सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### बायसन के हमले ...

निवासी देवेन्द्र साहू 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। घटना में घायल अन्य दो ग्रामीणों का निजी अस्पताल में उपचार जारी है।वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा है कि वन विभाग द्वारा लगातार ग्रामीणों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं से बचाव के संबंध में जागरूक किया जा रहा है तथा वन क्षेत्रों में सुरक्षा एवं सतर्कता बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वन क्षेत्रों में जाते समय सावधानी बरतें एवं वन विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### मुसुवाडीह पंचायत में...

तथा उपसरपंच के पति के नाम पर 60 हजार 400 रुपए का भुगतान किया गया। इसके अलावा विभिन्न दुकानों एवं व्यक्तियों के नाम पर बिना कार्य कराए भुगतान निकाले जाने की शिकायत भी की गई है। ग्रामीणों ने सरपंच अंजली सारथी एवं सचिव विजय चेलक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सरपंच को पद से हटाने तथा सचिव को निलंबित करने की मांग की है। शिकायत करने वालों में ग्रामीण, पंच एवं पूर्व जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि पवन कुमार सारथी ने कहा कि लगाए गए आरोप निराधार हैं और जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी।

### अंधा मोड़ खत्म...

की आशंका बढ़ जाएगी। इसलिए ग्राम में बैठक कर सर्व समिति से निर्णय लिया गया है कि पास स्थित शासकीय भूमि में सड़क निर्माण कर अंधा मोड़ को हटा दिया जाए। लोगों ने कहा कि चूंकि सड़क का निर्माण कार्य अभी जारी है और वहां पर पर्याप्त मात्रा में शासकीय भूमि है, जिसमें किए गए अतिक्रमण को हटाकर मार्ग निर्माण करने पर सड़क सीधा हो जाएगी और दुर्घटना की संभावना समाप्त हो जाएगी। ग्रामीणों की मांग को सुनने के बाद जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनहित के मामले को देखते हुए ईई उपखंडी को त्वरित कार्रवाई कर मोड़ को हटाने का निर्देश दिया।

### धाराशिव में सुशासन...

खुरसुला, पण्डरीपानी, सुतीउरकुली बेलटिकरी, बिसनपुर, छपोरा, चुरेला, धाराशिव, डोकरीडीह, डुरूमगढ़, गोविन्दवन, रमतला शामिल हैं। शिविर में नागरिक अपनी मांग, सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से आम जनता पर बड़ा महंगाई का बोझ

**भटगांव।** पेट्रोल डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश्वरी साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बेलगाम होते जा रही है और सरकार सिर्फ तमाशबीन बनीं हुई है।



योगेश्वरी साहू ने कहा कि पेट्रोल में 3.14 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3.11 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी जनता पर सीधा आर्थिक हमला-है। पहले से महंगाई से परेशान लोगों के लिए घर चलाना और मुश्किल हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि जब रोजगार नहीं बढ़ रहे वेतन नहीं बढ़ रहा और आमदनी सीमित है, तब सरकार लगातार कीमतें बढ़ाकर जनता को आर्थिक संकट में धकेल रही है। उन्होंने ने कहा कि ईंधन की कीमत बढ़ने का असरहर श्रेत्र में दिखाई देता है। माल भाड़ा बढ़ने से खाद्य सामग्री फल सब्जियां दवाईयां स्कूल फीस परिवहन और दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं महंगी हो जाती है।

# भाजपा अजजा मोर्चा हथबंद-नवापारा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा हथबंद-नवापारा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह ध्रुव एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल के मार्गदर्शन में की गई। नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। घोषित पदाधिकारियों में राजकुमार ध्रुव एवं वेदप्रकाश ध्रुव को महामंत्री, सेवकराम ध्रुव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं ईश्वर ध्रुव, पिलुराम नेताम, नाथुराम ध्रुव, आनंदराम ध्रुव, बंटी संवरा एवं दिनेश ध्रुव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।



इसी प्रकार छम्मन ध्रुव, रोहित ध्रुव, बंटी ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, मंशाराम ध्रुव एवं लोकनाथ ध्रुव को मंत्री नियुक्त किया गया है।

मंडल कार्यकारिणी में संतराम ध्रुव को मीडिया प्रभारी, रूपेंद्र ध्रुव एवं रविन्द्र कुमार ध्रुव को सोशल मीडिया प्रभारी, नीरज ध्रुव को सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं पिताम्बर ध्रुव को प्रशिक्षण प्रमुख, ओमप्रकाश ध्रुव को मन की बात प्रभारी, शंकर ध्रुव को कार्यालय प्रभारी तथा रामदयाल ध्रुव को शासकीय योजना प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुखीराम ध्रुव, राजकमल नेताम, दीपक ध्रुव, महेश ध्रुव, पुनाराम ध्रुव, जगदीश ध्रुव, ठाकुरराम ध्रुव, अगेश्वर ध्रुव, गोकुल प्रसाद ध्रुव, टेकुराम ध्रुव, दुलार सिंह ध्रुव, भागवत ध्रुव, रामशरण ध्रुव, भगवानी ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, निखिलेश ध्रुव, ओमकार ध्रुव एवं मोहन ध्रुव को शामिल किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

साथ ही प्रदेश एवं जिला भाजपा नेतृत्व ने भी नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद लक्ष्मी वर्मा, शिवरतन शर्मा कोर कमेटी सदस्य, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा रामचंद्र ध्रुव, मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह ध्रुव, करण वर्मा, संजय वर्मा, प्रेमलता वर्मा, विद्या वर्मा, चुरावन वर्मा, डोमार मारखंडे, जितू यादव, निकेश देवांगन, धन्ना निषाद, भावेश साहू, दिनेश वर्मा मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल सहित समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त टीम को बधाई दी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संत सांई साधराम साहब को सिंधु सेवा समिति ने दी श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** संत सांई साधराम साहब के ब्रह्मलीन होने से सिंधु सेवा समिति भाटापारा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें इंदरलाल थारानी, सुदामचंद मंधान,भीषम गुरयानी, भीषम किंगरानी,कन्हैयालाल भाई साहब,हरनामसिंग सबलानी, कमलेश कुकरेजा,हरिभगत चिमनानी,गिरधर गोईंदानी,अशोक पारप्यानी, सुरेश किंगरानी नरेश आर्य, रूपेश किंगरानी, कैलाश बालानी, अजित थारानी, अशोक किंगरानी, राजेश थारानी, नंदलाल तनवानी, किशोर दावानी, गुरमुख गंगवानी, महेश चंदानी, दिनेश सचदेव, विक्की छाबड़िया, अविनाश बजाज गोलू, विशाल बजाज, श्री मंगलानी, चन्द्रपाल तनवानी, गोबिंद सहेता, ताराचंद किंगरानी कमल धर्मानी आदि शामिल हैं।

### सतनामी समाज ने कफन और मृत्यु भोज पर लगाया प्रतिबंध



**बलौदाबाजार।** प्रगतिशील सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में रायपुर के विमतारा सभा एकदिवसीय सम्मेलन हुआ, जिसमें समाज सुधार एवं सामाजिक एकीकरण के लिए 15 प्रस्ताव पारित किए गए, इसमें मुख्य रूप से कफन एवं मृत्यु भोज पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गांव के भंडारी तिजराम भारती, सटिदार विजय घृतलहरे, जीतेन्द्र मारकंडे, बहादुर पाटले, संतराम घृतलहरे, लहाराम घृतलहरे, कृष्णा भारती, आलमदास कम्बोज, प्रकाश राउतराय, नीलकंठ बंधे, पुनीत भारती, पंकज घृतलहरे, महेन्द्र मनहरे, अजित घृतलहरे साहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खरोरा क्षेत्र में आज लगेगा सुशासन तिहार शिविर

**खरोरा।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर जिले में यह अभियान 1 मई से 10 जून तक संचालित होगा। इसी क्रम में ग्राम पंचायत परसदा (क) में 22 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आसपास की 22 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के समाधान कराने की अपील की है।

### निशुल्क कैरियर काउंसिलिंग और प्रतिभा सम्मान समारोह 24 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज आईटी टीम (सेल) की ओर से 24 मई को निशुल्क कैरियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंन स्थित वृंदावन हॉल के सभागार में होगा। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान होनहार छात्र-छात्राओं का समाजिक मंच में सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों के लिए 1 मई से अंतराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल नगर निगम रायपुर में निशुल्क 20 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, जिसका समापन 23 मई को प्रतियोगिता आयोजित कर किया जाएगा। कैरियर काउंसलिंग सह मोटिवेशनल कार्यकम में शहर की ख्याति प्राप्त काउंसलर वर्षा अजित वरवंडकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।कार्यकम में अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे।

**आयोजन :** राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में दी श्रद्धांजलि

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि बुधवार को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय एवं गार्डन चौक में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक साहू, कालिंदी वर्मा, महामंत्री जितेन्द्र नवरत्न, लखेश साहू, नीरज बांधे, मोहनलाल साहू, जतिराम साहू, पवनदास मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।




### पंचायती राज के जनक राजीव गांधी को कांग्रेस ने किया याद

**भाटापारा।** भाटापारा कांग्रेस भवन में आतंकवाद विरोध दिवस के दिन भारत रत्न देश पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पूण्य तिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई। इस मौके पर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश की जनता को सूचना संचार क्रांति, देश के युवाओं को 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष की आयु में मत देने का अधिकार, पंचायती राज व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण जैसे अहम कार्य में योगदान दिया। जन्म जयंती पर समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन व युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई सेवादल व अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंच कर फल वितरण कर उनका कुशलछेम जाना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, गणेश ध्रुव, न.पा. नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर, चन्द्रशेखर चक्रधारी, अमित शर्मा, आलोक मिश्रा, अय्युब बांठिया, गौरी भृगु, नरेंद्र यद्दु, ठाकुर राम साहू, नानू सोनी, संजय बघेल, ओमप्रकाश यद्दु, बिमलेश्वरी ध्रुव, प्रेमलता दुबे, मुकेश साहू, संजय शर्मा, राजा तिवारी, नवीन बक्श, विवेक यद्दु, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, राजा तिवारी, गिरिराज चावड़ा सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे।



### संचार क्रांति के जनक और आधुनिक भारत के निर्माता थे स्व. राजीव गांधी

**सुहेला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा के नेतृत्व में सुहेला स्थित राजीव गांधी चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव गांधी के तेलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राजीव गांधी अमर रहें के गगनभेदी नारे लगाए गए तथा आतंकवाद एवं हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर देश की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि राजीव गांधी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह आर्थिक हो, सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक टेक्नोलॉजी या विदेश नीति, नई उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज के प्रबल पक्षधर थे और पंचायतों के माध्यम से लोकतंत्र की नींव को मजबूत करना चाहते थे। गांव की पंचायतों को स्वयं निर्णय लेने का अधिकार दिलाने की उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है। सुहेला मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा ने कहा कि राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवादी विचारधारा ही हमारे महान देश की सबसे बड़ी शक्ति है। राजीव गांधी ने देश में संचार क्रांति लाकर आधुनिक भारत की नींव रखी। कंप्यूटर और दूरसंचार के क्षेत्र में उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। युवाओं को मतदान का अधिकार 18 वर्ष की आयु में दिलाना, शिक्षा एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने जैसे ऐतिहासिक कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व की पहचान हैं। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों को आतंकवाद एवं हिंसा का विरोध करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई गई। आभार प्रदर्शन करते हुए भानु प्रताप वर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, हेमलाल पाटरे, सुहेला कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा, जरौद मंडल अध्यक्ष बिहारी लाल खूंटे, बिटकुली के पूर्व सरपंच हरिश्चंद्र ध्रुव, टिकेश्वर सेन, राजेंद्र टंडन, विनोद साहू, दुष्यंत जोशी, झालेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## यादव समाज के शपथ ग्रहण और ब्लॉक अध्यक्ष चयन की रूपरेखा तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व यादव समाज जिला इकाई की आवश्यक बैठक बुधवार को बलौदाबाजार स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष यदु के शपथ ग्रहण समारोह, आयोजन समिति गठन तथा विभिन्न ब्लॉकों में अध्यक्षों के चयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अध्यक्ष संतोष यदु का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न ब्लॉकों में अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। तय कार्यक्रम अनुसार 23 मई को महतारी सदन सकरी में बलौदाबाजार ब्लॉक तथा 30 मई 2026 को सुहेला स्थित खल्लारी मंदिर प्रांगण में सुहेला ब्लॉक अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

■ सकरी में आज और सुहेला में 30 मई में होगा ब्लॉक अध्यक्ष का चयन

बैठक में बलौदाबाजार ब्लॉक चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु इंद्रजीत यदु एवं पुष्पा यादव को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं सुहेला ब्लॉक के लिए युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमेश यदु एवं प्रदेश महामंत्री लोकेश यदु को चुनाव प्रभारी बनाया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष यदु ने समाज की एकता, शिक्षा, संगठन एवं युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता देने की बात कही तथा समाजजनों से सक्रिय सहयोग की अपील की।

बैठक में जिला महामंत्री बोधन यादव, दिनेश यादव, डॉ. कमलेश्वर यदु, शिवचरण यदु सरपंच, रितेश यादव, धीरज यादव, राकेश यदु, संजय यादव, सुरेंद्र कुमार यदु, अभयराम यादव, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा यादव, गीता यादव एवं सुनीता यदु सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति, बलौदा बाजार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा गुरुवार को मंदिर परिसर में आयोजित गरिमामयी समारोह में समिति अध्यक्ष संदीप जैन (काला) द्वारा की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल, नवयुवक मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

■ अनुराग जैन बने सचिव, धीरज जैन को सौंपी गई कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि समिति का उद्देश्य मंदिर के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों को नई ऊर्जा एवं सक्रियता के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने समाजजनों के सहयोग से विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही।





घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल में इन्द्र कुमार जैन, महावीर प्रसाद जैन, धनप्रसाद जैन, पदमचंद जैन, रमेश जैन, मिश्रीलाल जैन, महेन्द्र छाबड़ा, बाबूलाल जैन एवं अशोक जैन को शामिल किया गया है। वहीं मुख्य सलाहकार के रूप में दिनेश जैन, अनिल जैन, संजय पाटनी एवं प्रवीण जैन को दायित्व सौंपा गया।

समिति में उपाध्यक्ष पद पर मनोज लोहड़िया, पियूष पाटनी एवं ऋषभ जैन को नियुक्त किया गया है। सचिव के रूप में अनुराग जैन, सह सचिव के रूप में निश्चल जैन तथा कोषाध्यक्ष के रूप में धीरज जैन को जिम्मेदारी दी गई है।

प्रचार-प्रसार प्रभारी के रूप में अजीत जैन, रितेश जैन एवं अभिषेक जैन को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जितेंद्र जैन (कृष्णायन), प्रमोद जैन, मनोज पाटनी, सुधीर छाबड़ा, अजेश पाटनी, शैलेश छाबड़ा, अजित श्रेष्ठी, रवि छाबड़ा, सुमित छाबड़ा, तुषार पाटनी, मयूर छाबड़ा, लक्की छाबड़ा एवं आशुतोष लोहड़िया को शामिल किया गया है। नवयुवक मंडल प्रभारी के रूप में श्रेयांश पाटनी को दायित्व सौंपा गया।समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्षों एवं पूर्व पदाधिकारियों का मंदिर निर्माण, धार्मिक गतिविधियों के विस्तार तथा समाज सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समाजजनों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि नई टीम समाज के विकास एवं संगठन को नई दिशा प्रदान करेगी।

## आधुनिक खेती करने किसान हुए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी


कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं कृषि मंत्रालय द्वारा 5 से 20 मई तक पलारी के विकासखड़ विभिन्न ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, कृषि विज्ञान केंद्र कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा द्वारा संतुलित उर्वरक उपयोग जल संरक्षण समन्वयी कीट प्रबंधन समय पर बनी पैडी ट्रांसप्लांटर के धान मृदा परीक्षण क्षेत्र की तैयारी फसल चयन बीज उपचार उन्नत कृषि यंत्र का प्रयोग कृषि ड्रोन का प्रयोग कृषि संबंधी कृषकों से सम सामायिक सलाह व चर्चा परिचर्चा के विषय में जागरूक किया गया। वहीं समस्त विभागीय संचालित योजनाओं की जानकारी भी कृषकों को उपलब्ध कराई गई। यह कार्यक्रम विकासखंड पलारी में ग्राम रेंगाडीह, जारा, खरतोरा, जरवे, खपरी भ, तेलासी,कोदवा सुंदरावन, कोसमदी,अछोली, सैहा, सरसेनी, कोसमदा, सीतापार, बोहारडीह, टिपवान, कोनारी, लछनपुर, दतरेंगी, चरोदा, कानाकोट, सलोनी, बिनौरी, छडीया आदि ग्रामों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड में दो टीम बनाई गई थी, जो प्रत्येक दिवस 2 ग्रामों में कार्य संपादित करते थे। टीम में जीएन तारम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पलारी, पी आर टाइगर उद्यानिकी अधीक्षक, डॉ. निर्मल चेलक पशु पालन अधिकारी, वायल रॉबर्ट मत्स्य अधिकारी, पुष्पांजलि बंजारे विकासखंड तकनीकी प्रबंधक, दीपमाला लकड़ा कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा, वामन टीकरिहा प्रगतिशील कृषक ग्राम मुसुवाडीह तथा संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी कुमार साहू, कुमारी अपर्णा टंडन, सचिन कुमार वर्मा, डॉ. गंगा राम राणा असिस्टेंट प्रोफेसर दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय भाटापारा, डॉ. चंदन कुर्रे पशुपालन अधिकारी, मोहित साहू उद्यानिकी विभाग, नोहर चंद्राकर प्रगतिशील कृषक,पंकज साहू योगेश कुमार सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा थे।

■ विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत दी गई जानकारी

बुधवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतिम दिवस पर कार्यक्रम ग्राम पंचायत बिनौरी व छडीया में संपन्न हुआ ग्राम बिनौरी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सन कुमार साहू व अन्य कृषक गण मंजू ध्रुव, डॉ. जितेंद्र कुमार साहू, मोहन, संतोष कुमार साहू, माखन सेन, तनगु साहू, नैनदास टंडन, मोहन साहू, हीरालाल मनहरे, सुरेश कुमार वर्मा, चिंताराम ध्रुव, उदय निराला, कोड़गी चेलक, केशव साहू सहित महिलाओं ने भाग लिया।




## बरसात पूर्व नालियों की सफाई अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत सर्वा में बरसात के पूर्व साफ-सफाई अभियान चलाते हुए अंबेडकर चौक से मुड़पार पहुंच मार्ग स्थित टार नालियों की सफाई कराई जा रही है। नालियों में जमा गंदगी एवं मलबे को बाहर निकालकर हटाया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और बीमारियों से बचाव किया जा सके।

सरपंच संतोष कश्यप ने बताया कि गंदगी के कारण मच्छरों के पनपने एवं दुर्गंध से बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए बारिश से पहले नालियों की सफाई कराई जा रही है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए सरपंच के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि नालियां जाम होने पर बारिश का पानी सड़कों पर भर जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। समय रहते सफाई होने से पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी तथा गांव में स्वच्छता बनी रहेगी।

**गुड़ेलिया में समर कैम्प, बच्चों की तकनीकी प्रतिभा देख की सराहना**

# पीडीएस एवं लाइब्रेरी का कलेक्टर ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विकासखंड प्रवास के दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को आदर्श ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उन्होंने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित समर कैम्प का जाएजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गये विभिन्न मॉडल और उनके सीखने की दक्षता की सराहना करते हुए अपने रूचि के क्षेत्र में कैरियर के लिये आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने गुड़ेलिया में नवनिर्मित पीडीएस भवन अन्नपूर्णा में नारी शक्ति संगठन समूह द्वारा संचलित सार्वजनिक राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान संचालक से कुल हितग्राहियों की संख्या, राशन वितरण एवं शेष हितग्राहियों की जानकारी ली। उन्होंने राशन लेने आये ग्रामीणों से पूछा कि तीन महीने का एकमुश्त चावल मिला कि नहीं, कितना मिला, शक्कर क्या मूल्य पर मिलता है. ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह का चावल 105 किलो मिल रहा है। राशन लेने में कोई परेशानी नहीं होती।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत द्वारा संचालित लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से बात की।उन्होंने लाइब्रेरी को और बेहतर बनाने तथा कंप्यूटर व पत्रिका की संख्या बढ़ाने कहा।

इस दौरान सरपंच संकेत अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी मौजूद थे।

### रोबोटिक्स, ड्रोन और एआई की सीख ले रहे बच्चे

समर कैम्प में बच्चों के अलग -अलग समूह के द्वारा अलग -अलग मॉडल बनाए गए थे जिसमें रेन अलर्ट सिस्टम, स्मार्ट डोर, स्मोक प्रोजेक्टर, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, डिस्टेंस मिजरिंग सिस्टम, 3डी प्रिंटिंग आदि शामिल हैं।यहां 5 दिन पूर्व से यह समर कैम्प संचालित हैं।समर कैम्प में बच्चों को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, ड्रोन, 3डी प्रिंटिंग, कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से परिचित कराया जा रहा है।

